एम-चैट-आर™

कृपया अपने बच्चे के बारे में इन प्रश्नों का उत्तर दें। ध्यान रखें कि आपका बच्चा आमतौर पर कैसे बर्ताव करता है । यदि आपने अपने बच्चे को कोई विशिष्ट व्यवहार कई बार करते हुए देखा है, पर ऐसा वह आम तौर पर नहीं करता हो, तो 'नहीं' पर गोला बनायें । कृपया हर सवाल के लिए हाँ या नहीं पर गोला बनायें । आपका बहुत बहुत धन्यवाद।

१. आप कमरे में किसी वस्तु की ओर इशारा करें तो क्या आपका बच्चा उस ओर देखता है? (**उदाहरण स्वरूप** यदि आप एक खिलौने या जानवर की ओर इशारा करें तो क्या आपका बच्चा खिलौने या जानवर की ओर देखता है?)	हाँ	नहीं
२. क्या कभी आपको लगा की आपका बच्चा बहरा हो सकता है ?	हाँ	नहीं
३. क्या आपका बच्चा नाटक खेलने में रुचि दिखाता/ दिखाती है?	हाँ	नहीं
४. क्या आपका बच्चा वस्तुओं पर चढ़ना पसंद करता/ती है (फर्नीचर,खेल के मैदान के उपकरण,सीढ़ियाँ)	हाँ	नहीं
५. क्या आपका बच्चा अपनी आँखों के पास असामान्य रूप से उंगली चलाता/ती है? (**उदाहरण स्वरूप** आँखों के पास लचीलेपन के साथ उंगलियाँ चलाता/ती है)	हाँ	नहीं
६. क्या आपका बच्चा एक उंगली से इशारे कर के कुछ माँगता है, या सहायता माँगता/ती है ? (**उदाहरण स्वरूप** उसकी पहुँच से बाहर (जैसे कि नाश्ता या खिलौना)	हाँ	नहीं
७. क्या आपका बच्चा एक उंगली के इशारे से कोई दिलचस्प वस्तु दिखाने की कोशिश करता/ती है? (**उदाहरण स्वरूप** आकाश में हवाई जहाज, सड़क पर एक ट्रक की ओर इशारा?)	हाँ	नहीं
८. क्या आपका बच्चा अन्य बच्चों में रुचि लेता है? (**उदाहरण स्वरूप** क्या आपका बच्चा दूसरे बच्चों को देखता है, मुसकुराता है या उनके पास जाता है?)	हाँ	नहीं
९. क्या आपका बच्चा आपको चीज़ें ला कर दिखाता/ती ? न सिर्फ मदद के लिए, बल्कि साझा करने के लिए ? (**उदाहरण स्वरूप** फूल दिखाना, स्टफ्फ्ड खिलौने या खिलौने का ट्रक)	हाँ	नहीं
१०. क्या आपका बच्चा अपना नाम पुकारे जाने पर प्रतिक्रिया देता/देती है? (**उदाहरण स्वरूप** अपना नाम पुकारे जाने पर ऊपर की ओर देखना, बातें करना, जो काम उस समय वह कर रहा है, उसे रोक देना)	हाँ	नहीं
११. जब आप अपने बच्चे को देखकर मुसकुराते हैं, तो क्या वह भी मुसकुराता/ती है?	हाँ	नहीं
१२. क्या आपका बच्चा रोजमर्रा के शोर से परेशान हो जाता/ती है? (**उदाहरण स्वरूप** वैक्युम क्लीनर या संगीत की ज़ोर से ध्वनि से चिल्लाता है, या रोता है?)	हाँ	नहीं
१३. क्या आपका बच्चा चलता/ती है?	हाँ	नहीं
१४. जब आप उसके साथ बात करते हैं, खेलते हैं, या उसके कपड़े बदलते हैं, तब क्या आपका बच्चा आपसे आँख मिलाता/ती है?	हाँ	नहीं

© २००९ डायना रोबिन्स, डेबोरा फ़ेन, और मैरियन बार्टन

Translated by SKN Foundation
www.sknfoundation.org

१५. क्या आपका बच्चा आपकी नकल उतारने की कोशिश करता/ती है? (**उदाहरण स्वरूप** बाय करना, ताली बजाना, मनोरंजक ध्वनि निकालना जब आप ऐसा करते हों)	हाँ	नहीं
१६. यदि आप कुछ देखने के लिए अपना सिर मोड़ें, तो क्या आपका बच्चा भी अपना सिर मोड़ता/ती है, यह देखने के लिए कि आप क्या देख रहें हैं ?	हाँ	नहीं
१७. क्या आपका बच्चा कोशिश करता है, कि आप उसे देखें? (**उदाहरण स्वरूप** क्या वह आपकी ओर प्रशंसा या टिप्पणी की आशा से देखता है या कहता/ती है - "देखो! या "मुझे देखो")	हाँ	नहीं
१८. जब आप कुछ समझाते हैं, तो क्या आपका बच्चा उसे समझ पाता/ती है? (**उदाहरण स्वरूप** बिना इशारा या संकेत किए क्या आपका बच्चा "मेरे लिए कंबल ले आओ", किताब को कुर्सी पर रखो समझ पाता/ती है?)	हाँ	नहीं
१९. जब कुछ नया होता है, तो क्या आपका बच्चा आपकी प्रतिक्रिया के लिए आपकी ओर देखता/ती है? (**उदाहरण स्वरूप** (कोई अपरिचित या मनोरंजक ध्वनि सुनकर या नया खिलौना देखकर क्या वह आपका चेहरा देखता/ती है?)	हाँ	नहीं
२०. क्या गतिशील क्रियाकलापों में रुचि रखता/ती है? (**उदाहरण स्वरूप** क्या उसे घुटनों पर झुलाया/उछाला जाना पसंद है?)	हाँ	नहीं

© २००९ डायना रोबिन्स, डेबोरा फ़ेन, और मैरियन बार्टन

Translated by SKN Foundation
www.sknfoundation.org